तोषण की राशि होगी। प्रार्थी को राज्य सरकार के खनन विभाग द्वारा विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत खनन कार्य हेतु पट्टा दिनांक 13.11.2046 तक की अवधि के लिये प्रदान किया गया है, जिसके सहायक कार्य हेतु प्रश्नगत भूमि चाही जाने से इस भूमि के खातेदार के सरफेस राईट का उल्लंघन होगा। जिसके लिये अप्रार्थी को प्रतिकर राशि का भुगतान किया जाना आवश्यक है। जिसके लिए अप्रार्थी संख्या 1 रजामंद है । अतः प्रतिकर का निर्धारण निम्नानुसार सारणी के अनुरूप किया जाता है –

| | खातेदार का नाम जिसका विवरण जमाबंदी में अंकित है। | खसरा | रकबा | किस्म | डी.एल.सी. दर | राशि (कॉलम संख्या 3 x 5) | नगर पालिका से दूरी किमी में व उसके अनुसार गुणक | | कुल राशि (कॉलम संख्या 6 x 8) रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| A | 1. रणजीत पुत्र धुडा के कायम मुकाम<br>1/1 धारूराम पुत्र रणजीत नायक<br>1/2 दिपाराम पुत्र रणजीत नायक<br>1/3 मुकनाराम पुत्र रणजीत नायक<br>1/4 जैठाराम पुत्र रणजीत नायक<br>1/5 कंचन पुत्री रणजीत नायक निवासीगण भींवगढ़ तहसील जैतारण<br>2. अरविन्द कुमार सिंगारिया पुत्र चांदमल जाति रेगर, निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, राजमहल होटल के पीछे, ब्यावर, जिला अजमेर(राज.)<br>3. रेवताराम पुत्र पूनाराम के कायम मुकाम<br>3/1 बूधा बाई पत्नी रेवतराम नायक निवासी भींवगढ़ तहसील जैतारण<br>4. बाबूराम पुत्र पूनाराम नायक, निवासी भींवगढ, तहसील जैतारण<br>5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील जैतारण | 2153 | 13 बीघा 5 बिस्वा | बारानी दोयम | 26838 | 355603.5 | 43 | 2.00 | 711207 |
| B | योग | | | | | | | | 711207 |
| C | प्रभावित भूमि पर अवस्थित पेड़ो की मालियत | | | | | | | | 15000 |
| D | अन्य संरचना (धोरा एवं तारबन्दी वगैरा) | | | | | | | | 10000 |
| E | योग (कॉलम संख्या B + C +D ) | | | | | | | | 736207 |
| F | तोषण 100 प्रतिशत ( कॉलम E के समान राशि ) | | | | | | | | 736207 |
| G | कुल देय प्रतिकर राशि ( E + F ) | | | | | | | | 1472414 |

अतः प्रार्थी कम्पनी उपरोक्त मुआवजा राशि के पुर्णांक राशि रूपये 14,72,414/– (अक्षरे चौदह लाख बहत्तर हजार चार सौ चौदह रूपये ) अप्रार्थी के नाम का हिस्से अनुसार चैक बनाकर तहसीलदार जैतारण को एक माह की अवधि मे उपलब्ध करावे। तहसीलदार जैतारण उक्त आराजी के संबंध में राजस्व अभिलेख में दर्ज खातेदारों के हिस्से एवं वर्तमान कब्जे के सम्बंध में सन्तुष्टि के उपरान्त सम्बन्धित राशि का भुगतान कर प्रमाणित करेंगे। राजस्व रेकर्ड में भूमि बिलानाम (सिवायचक) माईनिंग लीज अंकित की जावें। प्रार्थना पत्र में वर्णित आराजी का उपयोग प्रार्थी इकाई को लीज अवधि तक प्रचलित नियमों, निर्देशो, लीज डीड व विभागीय परिपत्रों के तहत एवं राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 89(2) में वर्णित माईनिंग के

जिला कलेक्टर, पाली

